## सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस

## दिनांक – 26.12.2024

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में एसओजी/सर्विलासं एवं कोतवाली उरई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 135 किलोग्राम नाजायज गांजा (अनुमानित कीमत करीब 50 लाख) के साथ 03 गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया।**

अवगत कराना है कि जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 25/26.12.2024 की रात्रि में एसओजी/सर्विलांस एवं कोतवाली उरई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना उरई क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर विजय विक्रम पैट्रोल पम्प के आगे राठ रोड के पास से 03 अभियुक्तगण को एक डीसीएम में लदे हुये हार्वेस्टर के टैंक में 135 किलोग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया । जिसके संबंध में कोतवाली उरई में मु0अ0सं0 845/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी ।

पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोग ये गांजा मांग के अनुसार विभिन्न जनपदों में बेचने जा रहे थे ।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1. गणेश प्रसाद राठौर पुत्र दिलदार राठौर नि0 मु0 व थाना पुष्पराजगढ जनपद अनूपपुर मध्यप्रदेश उम्र करीब 32 वर्ष
2. प्रमोद सैन पुत्र सुखलाल सैन नि0 कुसमा महाराजपुर थाना महाराजपुर जनपद छतरपुर मध्यप्रदेश उम्र करीब 35 वर्ष
3. मनोज रैकवार पुत्र स्व0 घनश्याम दास नि0 कुसमा महाराजपुर थाना महाराजपुर जनपद छतरपुर मध्यप्रदेश उम्र करीब 36 वर्ष

### बरामदगी का विवरण-

1. कुल 135 किलोग्राम नाजायज गांजा (कीमत करीब 50 लाख रूपये)
2. एक अदद डीसीएम न0 CG-10-BW-5661 (हार्वेस्टर लदा हुआ)

### गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण -

1. प्रभारी एसओजी/सर्विलांस सेल मय टीम ।
2. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उरई मय टीम ।